नियमावली

गोपनीय,
( केवल व्यय वित्त समिति के उपयोगार्थ)

मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद मेरठ में राजकीय पॉलीटेक्निक, मवाना के निर्माण कार्य से सम्बन्धित पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 1354.92 लाख)

मूल्यांकन टिप्पणी

प्रस्तावक विभाग
अल्प संख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग,
उ0प्र0 शासन

कार्यदायी संस्था– उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0

संजय नैथानी, ASO →

व्यय वित्त समिति सचिवालय
(प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग)
राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश,
छठा तल, योजना भवन, लखनऊ
(दिसम्बर, 2016)

गोपनीय,

(केवल व्यय वित्त समिति के उपयोगार्थ)

## मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद मेरठ में राजकीय पॉलीटेक्निक, मवाना के निर्माण कार्य से सम्बन्धित पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 1354.92 लाख)

### मूल्यांकन टिप्पणी

### कार्यदायी संस्था– उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0

1.0 प्रायोजना प्रस्ताव:

1.1 अल्प संख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद मेरठ में राजकीय पॉलीटेक्निक, मवाना के निर्माण कार्य से सम्बन्धित पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 1354.92 लाख) व्यय वित्त समिति के विचारार्थ संदर्भित किया गया है।

1.2 प्रायोजना की मूल स्वीकृति शासनादेश सं0 1172/52–2011–2 (एम0एस0डी0पी0)/11 दिनॉक 19 अप्रैल, 2011 द्वारा मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेन्ट प्लान के अन्तर्गत 1 नग राजकीय पालीटेक्निक (2 नग छात्रावास सहित) हेतु रू0 1230.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी, जिसमें रू0 800.00 लाख सिविल निर्माण कार्य हेतु तथा रू0 430.00 लाख मशीन/उपकरण/वाहन आदि के लिए प्रदान की गयी थी।

1.3 प्रायोजना के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा जारी मानकीकरण (जो कि लोक निर्माण विभाग की प्लिंथ एरिया 2009 पर आधारित हैं) के अनुसार मुख्य भवन वर्कशाप तथा आवासीय भवनें की लागत रू0 645.42 लाख तथा 2 नग छात्रावास की लागत 2 X 92.79 = 185.58 अर्थात कुल लागत रू0 831.00 लाख निर्धारित है, जिसके अनुसार उक्त प्रायोजना प्रस्ताव का गठन किया गया है।

1.4 प्रायोजना का पुनरीक्षित आगणन परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 प्रोजेक्टस् कार्पोरेशन लि0, निर्माण इकाई–33, मेरठ द्वारा तैयार किया गया है, जो महाप्रबन्धक, जोन–6, उ0प्र0 प्रोजेक्टस् कार्पोरेशन लि0, ओखला नई दिल्ली, प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पालीटेक्निक, दौराला, मेरठ द्वारा संस्तुत तथा सचिव, अल्प संख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा अनुमोदित है।

1.5 सन्दर्भित प्रायोजना को व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 22–11–2016 में प्रस्तुत किया गया था, जिसमें समिति द्वारा जानना चाहा गया कि प्रायोजना में प्रस्तावित सी0सी0 रोड की लम्बाई एवं चौड़ाई तथा कैम्पस का क्षेत्रफल कितना है? इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं की जा सकी।

सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा प्रशासकीय विभाग के अनुरोध पर प्रायोजना को आस्थगित करते हुए निर्देश दिया गया कि प्रायोजना में प्रस्तावित सी0सी0 मार्ग का पुनर्परीक्षण करते हुए उसकी आवश्यकता एवं औचित्य का उल्लेख करते हुए तथ्यात्मक विवरण के साथ ही प्रायोजना के ले–आउट प्लान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रायोजना को आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

उक्त के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा अपने पत्रांक–634पी0सी0एल0/पी0एम0/मेरठ, दिनांक 25–11–2016 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि पालीटेक्निक के निर्माण हेतु 5.00 एकड़ भूमि उपलब्ध होने के कारण सी0सी0 रोड की चौड़ाई क्रमशः 9.00 मी0, 6.00 मी0 एवं 4.00 मी0 का प्राविधान किया गया था, जिसका कुल क्षेत्रफल 4698.50 व0मी0 था परन्तु अब सड़क की चौड़ाई कम करने के कारण क्षेत्रफल 2256.25 व0मी0 हो गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क0सं0 | लम्बाई (मी0) | चौड़ाई (मी0) | क्षेत्रफल (व0मी0) |
|---|---|---|---|
| 1 | 136.00 | 5.50 | 748.00 |
| 2 | 369.40 | 3.75 | 1385.25 |
| 3 | 41.00 | 3.00 | 123.00 |
| योग | | | 2256.25 |

कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया उक्त मात्राओं का विवरण एवं ले आउट प्लान संलग्नक–1 पर अवलोनकीय है।

2.0 **प्रायोजना पुनरीक्षण के कारण**

प्रायोजना को निम्न कारणों से पुनरीक्षित किया गया है :—

1— मूल प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन वर्ष 2009 के कुर्सी क्षेत्रफल दरों पर आधारित था तथा प्रायोजना की वित्तीय स्वीकृति अप्रैल, 2011 में निर्गत हुई। प्रायोजना के निर्माण कार्य हेतु जिला प्रशासन द्वारा भूमि अगस्त, 2012 में उपलब्ध करायी गयी। तत्पश्चात निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। इस बीच श्रमिक एवं सामग्री दरों में वृद्धि होने के कारण प्रायोजना को पुनरीक्षित किया गया है।

2— आवासीय परिसर हेतु चहारदीवारी, स्थल की आवश्यकतानुसार आंतरिक मार्ग, विद्युत कनेक्शन एवं अन्य वह्य स्थल विकास सम्बन्धी नये कार्य प्रस्तावित किये जाने के कारण प्रायोजना को पुनरीक्षित किय गया है।

3— मूल स्वीकृत लागत के सापेक्ष लागत वृद्धि का विवरण निम्नवत् है:—

(लागत लाख रू0 में)

| क0 सं0 | कार्यमद | मूल लागत | आकलित लागत | लागत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दरों में वृद्धि, राफ्ट फाउण्डेशन एवं विस्तृत आगणन गठित किये जाने के कारण | 767.86 | 1008.69 | 240.83 |
| 2 | जनरेटर सेट | 5.00 | क्रमांक–8 पर | -5.00 |
| 3 | नवीन कार्य | 0.00 | 171.57 | 171.57 |
| | योग | **772.86** | **1180.26** | **407.40** |
| 4 | 5 प्रतिशत की कमी | -38.64 | -59.01 | -20.37 |
| | योग | **734.22** | **1121.25** | **387.03** |
| 5 | सेन्टेज चार्ज 12.5 प्रतिशत | 91.78 | 140.16 | 48.38 |
| 6 | लेबर सेस | 0.00 | 11.21 | 11.21 |
| 7 | विद्युत कनेक्शन | 5.00 | 10.00 | 5.00 |
| 8 | जनरेटर सेट | क्रमांक–3 पर | 6.25 | 6.25 |
| | योग | **831.00** | **1288.87** | **457.86** |

3.0 प्रायोजना प्रावधानः

आगणन में स्वीकृत प्रावधानों के सापेक्ष पुनरीक्षित प्रायोजना में प्रस्तावित प्रावधानों का विवरण निम्नवत् हैः—

| क0 सं0 | कार्यमद | इकाई | मानकीकरण के अनुसार प्रस्तावित मात्राऐं | पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव में प्रस्तावित मात्राऐं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य भवन, | व0मी0 | 3654.73 | 3654.73 |
| 2 | वर्कशाप | व0मी0 | 678.00 | 678.00 |
| 3 | प्रधानाचार्य आवास (1 अदद) | व0मी0 | 150.00 | 150.00 |
| 4 | श्रेणी– 2 के आवास (1 अदद) | व0मी0 | 57.70 | 57.70 |
| 5 | श्रेणी–1 के आवास (3 अदद) | व0मी0 | 103.20 | 103.20 |
| 6 | 60 सीट्स छात्रावास (2 नग) | व0मी0 | 1774.60 | 1774.60 |
| 7 | गार्ड रूम एवं जनरेटर रूम | जॉब | एकमुश्त आधार पर | विस्तृत आगणन के आधार पर |
| 8 | ओ0एच0टी0 (100.00 कि0ली0) | जाब | एकमुश्त आधार पर | विस्तृत आगणन के आधार पर |
| 9 | पम्प हाउस एवं ट्यूबवेल | जाव | एकमुश्त आधार पर | विस्तृत आगणन के आधार |
| 10 | जनरेटर सेट (जनरेटर सेट 50 के0वी0ए0) | नग | 1 | 1 |
| | नवीन कार्य | | | |
| 11 | बाउण्ड्रीवाल | र0मी0 | — | 578.34 |
| 12 | एम0एस0 गेट | अदद | — | 2 |
| 14 | आन्तरिक रोड (सी0सी0 रोड) | व0मी0 | — | 2256.25 |
| 13 | पार्किंग हेतु इंटरलाकिंग | व0मी0 | — | 893.50 |
| 15 | ड्रेन का निर्माण कार्य | र0मी0 | --- | 649.37 |
| 16 | हार्टी कल्चर | व0मी0 | --- | एकमुश्त |
| 17 | काउ कैचर | नग | — | 2 |
| 18 | रेन वाटर हार्वेस्टिंग | नग | — | 2 |
| 19 | वाह्य विद्युतीकरण | नग | — | विस्तृत आगणन के आधार पर |

4.0 वित्तीय प्रगति—

संदर्भित प्रायोजना के निर्माण हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि का विवरण निम्नवत् हैः—

(रू0 लाख में)

| कं0 सं0 | वर्ष | अवमुक्त धनराशि | व्यय धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2011—12 | 615.00 | 772.60 |
| 2 | 2012—13 | 0.00 | |
| 2 | 2013—14 | 615.00 | |
| | योग | 1230.00 | 772.60 |

* शासनादेश संख्या जी0आई0—170/52—1—2014—1(78)/13 दिनांक 28—4—2014 द्वारा मशीन/उपकरण से सम्बन्धित धनराशि प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को वापस किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था द्वारा मशीन/उपकरण हेतु अवमुक्त धनराशि रू0—369.10—लाख, 'जो मशीन/उपकरण हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 430.00 लाख के सापेक्ष अवमुक्त की गयी थी, प्राविधिक शिक्षा विभाग को स्थानान्तरित किये जाने हेतु कार्पोरेशन मुख्यालय को वापस की जा चुकी है। इस प्रकार सिविल कार्यों हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि व्यय की जा चुकी है।

5.0 भौतिक प्रगति—

मुख्य भवन व वर्कशाप तथा आवासीय भवनों के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण होकर फिनिशिंग, आंतरिक जलमल का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त 2—नग हास्टल में से 1—हास्टल का निर्माण कार्य पूर्ण व फिनिशिंग का कार्य शेष तथा दूसरे हास्टल का निर्माण कार्य अप्रारम्भ, ओ0एच0टी0 टैंक का निर्माण कार्य पूर्ण व शेष कार्य अपूर्ण है। इसके अतिरिक्त गार्ड रूम, जनरेटर रूम, पम्प हाउस, ट्यूबवेल, सी0सी0 रोड, चहारदीवारी, ड्रेन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कलवर्ट व वाह्य विद्युतीकरण सम्बन्धी कार्य अवशेष है।

6.0 निर्माण दरें

प्रायोजना प्रस्ताव का गठन विस्तृत आगणन के आधार पर वर्क डन एवं वर्क टू वी डन के आधार पर किया गया है। वर्क डन एवं वर्क टू बी डन की लागत का आकलन वर्ष 2012—2013 की अनुसूची दरों पर किया गया है। प्रायोजनान्तर्गत कतिपय ऐसी कार्यमदें जिनकी दरें लोक निर्माण की दर अनुसूची में उपलब्ध नही हैं, की लागत आकलन बाजार दरों पर किया गया है। प्रभाग द्वारा इसी के आधार पर लागत का परीक्षण किया गया है। बाजार दरों पर आधारित व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभाग/कार्यदायी संस्था द्वारा किया जाना अपेक्षित है।

7.0 लागत विशलेषण

प्रायोजना की प्रस्तावित लागत के सापेक्ष प्रभाग द्वारा आकलित लागत का तुलनात्मक विवरण निम्नवत् है :—

(लागत रू0 लाख में)

| क0 सं0 | मद | मूल स्वीकृत लागत | पुनरीक्षित प्रस्तावित लागत | | | प्रभाग द्वारा आकलित लागत | | | लागत वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सम्पादित कार्य | अवशेष कार्य | योग | सम्पादित कार्य | अवशेष कार्य | योग | |
| अ | अनावासीय भवन | | | | | | | | |
| 1 | मुख्य भवन | 357.48 | 487.84 | 17.40 | 505.24 | 486.56 | 17.40 | 503.96 | 146.48 |
| 2 | मुख्य भवन हेतु आन्तरिक जलापूर्ति वं जलमल कार्यों की लागत | 28.10 | 35.05 | 0.00 | 35.05 | 35.05 | 0.00 | 35.05 | 6.95 |
| 3 | मुख्य भवन हेतु विद्युतीकरण का कार्य | 46.36 | 0.00 | 50.08 | 50.08 | 0.00 | 48.84 | 48.84 | 2.48 |
| 4 | वर्क शाप | 57.75 | 66.87 | 4.14 | 71.01 | 66.86 | 4.14 | 71.00 | 13.25 |
| 5 | वर्कशाप भवन हेतु आन्तरिक जलापूर्ति वं जलमल कार्यों की लागत | 4.42 | 0.00 | 5.31 | 5.31 | 0.00 | 5.31 | 5.31 | 0.89 |
| 6 | वर्कशाप के विद्युतीकरण का कार्य | 7.30 | 0.00 | 8.26 | 8.26 | 0.00 | 8.15 | 8.15 | 0.85 |
| 7 | छात्रावास (2 नग) | 125.28 | 63.08 | 132.09 | 195.17 | 62.66 | 131.10 | 193.76 | 68.48 |
| 8 | छात्रावास भवन हेतु आन्तरिक जलापूर्ति वं जलमल कार्यों की लागत | 22.56 | 0.00 | 11.46 | 11.46 | 0.00 | 11.12 | 11.12 | -11.44 |
| 9 | छात्रावास के विद्युतीकरण का कार्य | 14.10 | 0.00 | 11.54 | 11.54 | 0.00 | 11.04 | 11.04 | -3.06 |
| | योग—अ | 663.35 | 652.84 | 240.28 | 893.12 | 651.13 | 237.10 | 888.23 | 224.88 |
| ब | आवासीय भवन | | | | | | | | |
| 10 | प्रधानाचार्य आवास (1 नग) | 11.64 | 14.99 | 1.29 | 16.28 | 14.93 | 1.29 | 16.22 | 4.58 |
| 11 | प्रधानाचार्य आवास में आन्तरिक जलापूर्ति एवं जलमल कार्यों की लागत | 1.81 | 0.00 | 3.82 | 3.82 | 0.00 | 3.34 | 3.34 | 1.53 |
| 12 | प्रधानाचार्य आवास के विद्युतीकरण का कार्य | 0.66 | 0.00 | 1.45 | 1.45 | 0.00 | 1.42 | 1.42 | 0.76 |
| 13 | टाइप–2 आवास (1 नग) | 3.93 | 5.87 | 0.51 | 6.38 | 5.87 | 0.51 | 6.38 | 2.45 |
| 14 | टाइप–2 आवास में आन्तरिक जलापूर्ति एवं जलमल कार्यों की लागत | 0.71 | 0.00 | 1.88 | 1.88 | 0.00 | 1.74 | 1.74 | 1.03 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | टाइप–2 आवास के विद्युतीकरण का कार्य | 0.40 | 0.00 | 0.78 | 0.78 | 0.00 | 0.77 | 0.77 | 0.37 |
| 16 | टाइप–1 आवास (3 नग) | 6.24 | 12.17 | 1.32 | 13.49 | 12.17 | 1.32 | 13.49 | 7.25 |
| 17 | टाइप–1 आवास में आन्तरिक जलापूर्ति एवं जलमल कार्यो की लागत | 1.55 | 0.00 | 3.79 | 3.79 | 0.00 | 3.55 | 3.55 | 2.00 |
| 18 | टाइप–1 आवास के विद्युतीकरण का कार्य | 0.91 | 0.00 | 0.59 | 0.59 | 0.00 | 0.57 | 0.57 | -0.34 |
| | योग–ब | **27.86** | **33.03** | **15.43** | **48.46** | **32.97** | **14.51** | **47.48** | **19.63** |
| स | अन्य विविध कार्य | | | | | | | | |
| 19 | गार्ड रूम एवं जनरेटर रूम | 1.60 | 0.00 | 3.74 | 3.74 | 0.00 | 3.74 | 3.74 | 2.14 |
| 20 | ओवर हेड टेंक | 15.00 | 16.62 | 0.00 | 16.62 | 16.27 | 0.00 | 16.27 | 1.27 |
| 21 | डीप ट्यूबवेल एवं पम्प हाउस | 5.00 | 0.00 | 8.75 | 8.75 | 0.00 | 8.75 | 8.75 | 3.75 |
| 22 | जनरेटर | 5.00 | 0.00 | 6.25 | 6.25 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | -5.00 |
| 23 | अग्नि शमन (मुख्य भवन, वर्कशाप तथा छात्रावास हेतु) | 28.88 | 0.00 | 41.38 | 41.38 | 0.00 | 38.28 | 38.28 | 9.40 |
| | योग–स | **55.48** | **16.62** | **60.12** | **76.74** | **16.27** | **50.77** | **67.04** | **11.56** |
| द | वाहय स्थल विकास सम्बन्धी नवीन कार्य | | | | | | | | |
| 24 | वाहय स्थल विकास | 17.06 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | -17.06 |
| 25 | बाउण्ड्रीवाल (578.34 र0मी0) | 0.00 | 0.00 | 26.52 | 26.52 | 0.00 | 26.52 | 26.52 | 26.52 |
| 26 | मेन गेट (1 अदद) | 0.00 | 0.00 | 3.00 | 3.00 | 0.00 | 3.00 | 3.00 | 3.00 |
| 27 | सी0सी0 रोड–2256.25 व0मी0 | 0.00 | 0.00 | 87.48 | 87.48 | 0.00 | 41.74 | 41.74 | 41.74 |
| 28 | ड्रेन(400 X 600 एमएम)– 649.37 र0मी0 | 0.00 | 0.00 | 17.07 | 17.07 | 0.00 | 17.07 | 17.07 | 17.07 |
| 29 | इंटरलाकिंग–898.50 व0मी0 | 0.00 | 0.00 | 16.88 | 16.88 | 0.00 | 11.23 | 11.23 | 11.23 |
| 30 | काउ कैचर–2 नग | 0.00 | 0.00 | 0.91 | 0.91 | 0.00 | 0.91 | 0.91 | 0.91 |
| 31 | हार्टीकल्चर | 0.00 | 0.00 | 5.00 | 5.00 | 0.00 | 5.00 | 5.00 | 5.00 |
| 32 | वाह्य विद्युतीकरण | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 20.00 | 0.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 33 | वाह्य जलमल कार्य | 0.00 | 0.00 | 25.00 | 25.00 | 0.00 | 25.00 | 25.00 | 25.00 |
| 34 | कल्वर्ट | 0.00 | 14.05 | 0.00 | 14.05 | 13.94 | 0.00 | 13.94 | 13.94 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | रेन वाटर हार्वेस्टिंग--2 नग | 0.00 | 0.00 | 7.16 | 7.16 | 0.00 | 7.16 | 7.16 | 7.16 |
| | योग--द | 17.06 | 14.05 | 209.02 | 223.07 | 13.94 | 157.63 | 171.57 | 154.51 |
| | कुल योग (अ+ब+स+द) | 763.74 | 716.54 | 524.85 | 1241.39 | 714.31 | 460.01 | 1174.32 | 410.58 |
| य | आकस्मिक व्यय | 9.12 | 0.00 | 5.94 | 5.94 | 0.00 | 5.94 | 5.94 | -3.18 |
| | योग | 772.86 | 716.54 | 530.79 | 1247.33 | 714.31 | 465.95 | 1180.26 | 407.40 |
| र | 5 प्रतिशत की कमी | -38.64 | -35.83 | -26.54 | -62.37 | -35.72 | -23.30 | -59.01 | -20.37 |
| | योग | 734.22 | 680.70 | 504.25 | 1184.95 | 678.59 | 442.65 | 1121.25 | 387.03 |
| ल | सेन्टेज चार्ज 12.5 प्रतिशत | 91.78 | 85.09 | 63.03 | 148.12 | 84.82 | 55.33 | 140.16 | 48.38 |
| व | लेबर सेस 1 प्रतिशत | 0.00 | 6.81 | 5.04 | 11.85 | 6.79 | 4.43 | 11.21 | 11.21 |
| | योग | 825.99 | 772.60 | 572.32 | 1344.92 | 770.20 | 502.41 | 1272.62 | 446.62 |
| श | विद्युत कनेक्शन | 5.00 | 0.00 | 10.00 | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 10.00 | 5.00 |
| ष | जनरेटर सेट | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 6.25 | 6.25 | 6.25 |
| | प्रायोजना की कुल लागत | 831.00 | 772.60 | 582.32 | 1354.92 | 770.20 | 518.66 | 1288.87 | 457.86 |

8.0 <u>प्रभाग की टिप्पणी:</u>

1— अल्प संख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद मेरठ में राजकीय पॉलीटेक्निक, मवाना के निर्माण कार्य से सम्बन्धित पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 1354.92 लाख) व्यय वित्त समिति के विचारार्थ संदर्भित किया गया है। प्रायोजना की पुनरीक्षित प्रस्तावित लागत रू0 1354.92 लाख के सापेक्ष प्रभाग द्वारा रू0 1288.87 लाख की लागत आकलित की गयी है। मूल स्वीकृत लागत रू0 831.00 लाख के सापेक्ष पुनरीक्षित प्रायोजना में रू0 457.86 लाख की लागत वृद्धि हुई है।

2— प्रशासकीय विभाग द्वारा प्रायोजना पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जाय।

3— प्रशासकीय विभाग द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय।